Title: Regarding need to set up T.V. Transmitters in Banaskatha Parliamentary Constituency in Gujarat-Laid.

श्री हरिभाई चौधरी (बनासकांठा): मैं केन्द्र सरकार का ध्यान पाकिस्तान सीमा से जुड़े अपने संसदीय क्षेत्र बनासकांठा में टी वी ट्रांसमीटरों के अभाव की तरफ दिलाना चाहता हूं कि थनेरा, थरा और दयोदर में टी वी ट्रांसमीटर नहीं है, जिसके कारण वहां पर पाकिस्तान के कार्यक्रम देखे जाते हैं। इस तरह हमारे देश के नागरिकों को राट्रीय विचारधारा से अलग करने का प्रयास किया जाता रहा है। इन स्थानों पर टी0वी0 ट्रांसमीटर लगाने की सारी सुविधायें उपलब्ध हैं और राट्रीय हित में हैं, जिससे हम पाकिस्तान के कुप्रचार के शिकार नहीं हो सकें।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि थनेरा, थरा और दयोदर में टी0वी0 ट्रांसमीटर स्थापित किये जायें और बनासकांठा में एक रेडियो स्टेशन शीघ्र स्थापित किया जाये।